फाटक नंबर 313 पर जनता का आक्रोश काम शुरू नहीं तो सड़क पर उतरेंगे




## ऑपरेशन मुस्कान की बड़ी सफलता

# पुलिस ने 31 दिन में 32 गुमशुदा बच्चों को तलाश कर लौटाई परिजनों की मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर जिले भर में चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान ने बड़ी सफलता अर्जित की है।

पुलिस ने 31 दिनों की मेहनत के बाद 32 गुमशुदा बच्चों को सकुशल ढूंढ निकाला है। इनमें 28 नाबालिग बालिकाएं व 4 बालक शामिल हैं। इस विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस ने राज्य के भीतर व बाहर जाकर बच्चों को खोजा और उनके परिजनों को सौंपा। खोए हुए बच्चों के वापस लौटने से उनके ⏭ शेष पेज 4 पर




■ 28 नाबालिग बालिकाएं व 4 बालक सकुशल परिजनों को सौंपे गए

### प्रदेशों की सीमाएं लांघी, बच्चों को सकुशल घर लौटाया

जिन 11 बच्चों को जिले से बाहर से लाया गया है। जिसमें रायगढ़ से 4,मध्यप्रदेश से 1,गुजरात से 1,दिल्ली से 2,महाराष्ट्र व हिमाचल प्रदेश से 1-1, तथा उड़ीसा से 1 बालक शामिल हैं। इन सभी को पुलिस की विशेष टीम द्वारा स्थानीय संपर्क, तकनीकी सहायता और परिजनों की मदद से खोजा गया। शेष 21 बच्चों को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से तलाश कर उनके परिजनों को सौंपा गया।

### 55 गुमशुदा बच्चों के मामलों में 32 की सफल वापसी

थानों में दर्ज कुल 55 गुम बच्चों के प्रकरणों में अब तक 32 बच्चों को सफलता पूर्वक दस्तयाब कर लिया गया है। पुलिस का अभियान अभी भी जारी है और शेष बच्चों को ढूंढने के प्रयास तेज़ी से जारी हैं। एसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान सिर्फ एक अभियान नहीं, एक मानवीय प्रयास है। हमारे लिए हर बच्चा महत्वपूर्ण है। जब तक अंतिम बच्चा नहीं मिल जाता, हम प्रयास जारी रखेंगे। पुलिस संवेदनशीलता व प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है।

## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 7 तक

**जशपुरनगर।** आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित पूर्णतः आवासीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना में कक्षा 9वीं में बालिका वर्ग की 02 सीटें अंग्रेजी माध्यम तथा कक्षा 11वीं में बालिका वर्ग की 7 सीटें अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम रिक्त हैं। इसी प्रकार एकलव्य विद्यालय घोलेंग के कक्षा 11वीं में अनुसूचित जनजाति के बालक हेतु 04 सीट रिक्त है, इन सीटों पर छत्तीसगढ़ में निवासरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के बालिकाओं से प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इन सीटों पर लेटरल एंट्री प्रवेश नीति 2025-26 के अनुसार पूर्णतः मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। जिसके अनुसार कक्षा 8वीं एवं कक्षा 10वीं के प्राप्तांक एवं विज्ञान एवं गणित विषयों के अंक जोड़कर मेरिट सूची बनायी जायेगी। एकलव्य विद्यालयों में पाठ्यक्रम संचालित है एवं विद्यालय में कक्षा 11वीं में गणित,जीव-विज्ञान एवं कला संकाय संचालित है। चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली के नियमानुसार भोजन, आवास, पाठ्य सामग्री, गणवेश आदि समस्त सुविधायें निःशुल्क प्रदान की जायेंगी। प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 07 अगस्त 2025 और चयन सूची के प्रकाशन की तिथि 11 अगस्त 2025 निर्धारित है। इस हेतु केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी कार्यालयीन समय में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना ओर घोलेंग में संपर्क कर सकते हैं।

### संबलपुर में युवक ने घर में लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम संबलपुर में एक युवक ने पिता के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज होने से उदास होकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली है।लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम संबलपुर निवासी 30 वर्षीय रितेश कुमार मिंज के पिता देवनारायण उरांव के खिलाफ कुछ दिन पूर्व उनकी चचेरी बहन द्वारा झगड़ा विवाद किये जाने का अपराध दर्ज कराया गया था,इसके बाद से ही युवक उदास रहता था, इस बीच शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### दो म्यूल अकाउंट में आए साइबर ठगी के सवा करोड़ रुपए

**अंबिकापुर।** म्यूल अकाउंट को लेकर संभाग भर में चल रही कार्रवाई के बीच सूरजपुर जिले में बड़ा मामला सामने आया है। साइबर ठगी के माध्यम से दो बैंक खातों में सवा दो करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा की गई है। आरोपियों ने म्यूल अकाउंट बनाकर साइबर ठगों को प्रदान किया था। ऐसे में पुलिस अब अपराध दर्ज कर युवकों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच चल रही है। बता दें कि म्यूल अकाउंट को लेकर भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के निर्देश पर म्यूल अकाउंट की जांच की जा रही है और साइबर क्राइम के लिए म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इस बीच पुलिस मुख्यालय से सूरजपुर पुलिस को कुछ संदिग्ध बैंक खातों की जानकारी प्रदान की गई थी। ऐसे में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पुलिस द्वारा बैंक खातों की जांच की गई। जांच के दौरान आईडीएफसी बैंक में डीएन चक्रधारी एजुकेशन डेवलपमेंट एसोसिएशन नामक संस्था के खाते में 72 लाख 76 हजार 413 रुपए जमा हुए है। उक्त खाता संस्था के डायरेक्टर बांसपारा निवासी देवरयान चक्रधारी व महेश कुमार के नाम पर है। वहीं दूसरा बैंक खाता जन सेवा शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान संस्था के नाम पर है। उक्त खाते में 52 लाख 57 हजार रुपए जमा किए गए है। उक्त खाता नम्बर संस्था के ट्रस्टी गोलू नारायण चक्रधारी आ. पवन कुमार, देवनारायण चक्रधारी आ. पवन कुमार एवं महेश कुमार आ. जगदीश प्रसाद के नाम पर है।

## गौ तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गौ तस्करी के मामले में फरार चल रहा कुख्यात आरोपी मोजाहिद खान उर्फ शाहिद खान उर्फ रोजना मियां को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन शंखनाद के तहत की गई। जिले के थाना लोदाम क्षेत्र के ग्राम साईं टांगर टोली से वर्ष 2024 में 32 गौवंशों की तस्करी की कोशिश की गई थी, जिसमें मौके से पांच पिकअप और एक ऑल्टो वाहन जब्त किए गए थे। उस समय एक आरोपी जुनेद आलम गिरफ्तार हुआ था, जबकि मोजाहिद खान फरार हो गया था।



■ ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### मुखबिर की सूचना पर दबोचा

1 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी गांव आया है। इस पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी हर्षवर्धन चौरासे, सहायक उपनिरीक्षक सहबीर भगत, आरक्षक हेमंत कुजूर और सुभाष पैंकरा की प्रमुख भूमिका रही।

### वाहनों की राजसात से घबराए तस्कर

पुलिस अब तक 52 वाहनों को जब्त कर चुकी है, जिनमें से 24 को कलेक्टर द्वारा राजसात किया गया है। शेष 28 वाहनों की प्रक्रिया जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि वाहन राजसात होने से तस्करों में डर है। अब वे जंगल के पैदल रास्तों का उपयोग करने लगे हैं, लेकिन पुलिस का मुखबिरी तंत्र पूरी तरह सक्रिय है।

### अब तक 130 तस्कर जेल भेजे गए

पुलिस ने ऑपरेशन शंखनाद के तहत 1200 से अधिक गौवंशों को मुक्त कराया है और 130 से ज्यादा तस्करों को जेल भेजा गया है। एसएसपी शशिमोहन सिंह ने कहा कि जिले में गौ तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। पुलिस की सख्ती से तस्करों की गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ा है।

### नशीले इंजेक्शन व कफ सिरप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** आबकारी उड़नदस्ता टीम की नशे के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई में टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने धौरपुर अंतर्गत डूमरडीह के दो आरोपियों से भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन कफ सिरप एवं टैबलेट जब्त किया। टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में धौरपुर क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना धौरपुर अंतर्गत अजमल खान एवं बसंत ठाकुर द्वारा बड़ी मात्रा में नशीला इंजेक्शन, कफ सिरप एवं टैबलेट की बिक्री किया जा रहा है।

## प्रेमचंद जयंती पर 'कफन' की गूंज



कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकार।

**जशपुरनगर।** साहित्य जगत के यथार्थवादी पुरोधा मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर नगर में एक ऐसा आयोजन हुआ, जिसने साहित्य को केवल शब्दों तक नहीं संवेदना और चेतना तक पहुंचा दिया। प्रगतिशील लेखक संघ कुनकुरी इकाई द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में आयोजित यह कार्यक्रम प्रेमचंद की कालजयी कहानी 'कफन' के सजीव वाचन, शोध संवाद और क्विज प्रतियोगिता के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में जिले के 7 प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों की 150 से अधिक सहभागिता रही। कार्यक्रम की सबसे सशक्त प्रस्तुति रही — 'कफन' का सजीव वाचन ⏭ शेष पेज 4 पर

## प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों का उन्मुखीकरण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन, नेतृत्व क्षमता एवं उपचारात्मक शिक्षण विषय पर प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों का प्रशिक्षण संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आयोजित किया गया।

■ संकल्प के प्राचार्य ने लिया विशेष सत्र

डीईओ पीके भटनागर के निर्देश पर आयोजित इस उन्मुखीकरण में पहले दिन दुलदुला और फरसाबहार विकासखंड और दूसरे दिन कांसाबेल विकासखंड के प्रधान पाठकों ने हिस्सा लिया। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता के द्वारा प्रधान पाठकों को पूरे मन और पूरी क्षमता से कार्य करने के साथ कर्तव्य बोध के लिए विशेष मोटिवेशनल सत्र लिया गया। उन्होंने ⏭ शेष पेज 4 पर



उन्मुखीकरण में भाग लेते प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठक।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के 20 वीं किस्त के तहत देशभर के किसानों के बैंक खातों में 20,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का डिजिटल माध्यम से स्थानांतरण किया। इस अवसर पर जशपुर जिले के 73,555 किसानों के खाते में कुल 15.91 करोड़ रुपये हस्तांतरित हुआ।

■ जिले के 73,555 किसानों के खाते में कुल 15 .91 करोड़ रुपये हस्तांतरित

जिले में कृषि विज्ञान केंद्र डुमरबहार में पीएम किसान सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग, जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि भारत सरकार किसानों को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारें किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करा रही हैं। कार्यक्रम में जशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख राकेश कुमार भगत द्वारा इस प्रक्षेत्र में चल रहे विभिन्न कृषि संबंधी गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। उप संचालक कृषि एमआर भगत ने किसानों से अपील की कि वे शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनवाएं तथा लखपति ⏭ शेष पेज 4 पर



कृषि केंद्र डूमरबहार सीधा प्रसारण देखने पहुंचे किसान।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य

छोटे एवं सीमांत किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई आदि के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना। प्रतिवर्ष 6,000 की सहायता प्रदान कर खेती के खर्च में सहायता करना। किसानों पर ऋण भार को कम करना। समय पर इनपुट सामग्री मिलने से उपज की मात्रा और गुणवत्ता बेहतर हो। किसानों की क्रय शक्ति बढ़ाकर ग्रामीण बाजारों में गतिविधि बढ़ाना एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को शसक्त बनाना। इस अवसर पर केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ प्रदीप कुजूर, इंजी.अनिता लकड़ा, डॉ. विवेक सांडिल्य, डॉ वीर सिंह, लेपाराम, मनोज नारंगे, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पत्थलगांव राकेश पैंकरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पत्थलगांव जीवन एक्का, मारकुष एक्का, डीके गुप्ता, उद्यान अधीक्षक, उचित पैंकरा, श्रीमती लीली तारा किंडों, रेनु सहभागिता कुजूर, श्याम सुंदर चौहान, सतीश यादव, प्रगति शील कृषक मोती बंजारा सहित 228 कृषक उपस्थित रहे।

### कृषकों को मिल रहा निरंतर लाभ

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत आज देशभर के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20वीं किस्त का वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश के वाराणसी से इस कार्यक्रम का राष्ट्रीय शुभारंभ हुआ, जिसका प्रभाव जिला जशपुर के कृषकों में भी उत्साह देखने को मिला। जशपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम नारायणपुर निवासी कृषक धीरजन राम को योजना प्रारंभ होने से लेकर अब तक प्रत्येक किस्त प्राप्त हो रही है। शनिवार को उन्हें 20वीं किश्त भी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना उनके जैसे छोटे किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। खेती-किसानी के मौसम में बीज, खाद, दवाई, सिंचाई और मजदूरी जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने में यह राशि अत्यंत सहायक होती है। उन्होंने कहा कि "इस योजना से साल में 6000 रूपए मिलते हैं, जो हम जैसे ग्रामीण कृषकों के लिए बहुत मायने रखते हैं। अब हमें खेती के लिए इधर-उधर उधार नहीं मांगना पड़ता।"



## कलेक्टर ने पत्थलगांव के प्रभारी बीईओ को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

कलेक्टर रोहित व्यास ने पत्थलगांव के प्रभारी बीईओ विनोद कुमार पैंकरा को हटाकर उनके मूल पद व्याख्याता के पद पर में भेजा दिया है। प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में व्यापक अनियमितता की पुष्टि की स्थिति में कार्यालयीन पत्र के माध्यम से सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर को अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए वेदानन्द आर्य, प्रभारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पत्थलगांव को आगामी आदेश पर्यन्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव का कार्य सम्पादित किये जाने आदेशित किया गया है। विनोद कुमार पैंकरा को उनके मूल पदस्थापना जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में व्याख्याता के पद पर दायित्व निर्वहन हेतु आदेशित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

■ वेदानन्द आर्य को बीईओ का प्रभार

■ पैंकरा को मूल पद पर भेजा गया

### पैंकरा को मनोरा के बीईओ का प्रभार

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैंकरा को मनोरा बीईओ का प्रभार दिया है। छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र के द्वारा सुदर्शन पैंकरा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को प्रशासनिक तौर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुनकुरी के पद पर पदस्थ किया गया है। प्रशासनिक कार्य के सुविधा के दृष्टिकोण से श्री पैंकरा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आगामी आदेश पर्यन्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोरा का कार्य सम्पादित किये जाने हेतु आदेशित किया जाता है। संजय कुमार पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोरा को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर में आगामी आदेश पर्यन्त तक कार्य करने हेतु आदेशित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

■ संजय कुमार पटेल को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजा गया

### सड़क निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता के साथ नहीं किया जाएगा समझौता

## विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


कलेक्टर रोहित व्यास ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के विभाग, गृह निर्माण मंडल, राष्ट्रीय राजमार्ग, आरईएस विभाग ,नगरीय निकाय सहित अधिकारियों और ठेकेदारों की संयुक्त बैठक लेकर विभागीय निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

■ जिसकी लापरवाही उन्हीं के ऊपर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने बताया कि जशपुर में विकास कार्यों के पूल पुलिया, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, स्टेडियम और अधोसंरचना के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई। उन कार्यों को गंभीरता से और समय सीमा में करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि लगभग 1856 करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति मिल गई है। और आगे भी विकास कार्यों के लिए स्वीकृत मिलती रहेगी। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की कलेक्टर ने कहा कि आम जनता को अच्छी सुविधाएं देना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। और इसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए हैं। अपने कार्य शैली में सुधार लाएं लोगों के जनहित के लिए कार्य करें गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले कोई भी अधिकारी और ठेकेदार बच नहीं पाएंगे जिनकी गलती होगी उन पर कार्रवाई निश्चित है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी संबंधित विभाग के अधिकारीगण और कार्यपालन अभियंता और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में ठेकेदारों की समस्याओं का भी समाधान किया और आवश्यक दिशा-निर्देश। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना की भी समीक्षा की और सड़क निर्माण कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश दिए।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश संगठन ने घोषित की बलरामपुर जिला भाजपा की कार्यकारिणी

**अम्बिकापुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव , प्रदेश महामंत्री पवन साय ने जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के अनुमोदन पर बलरामपुर-रामानुजगंज




जिला भाजपा की कार्यकारिणी घोषित की है। भाजपा की कार्यकारिणी में अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, उपाध्यक्ष अजीत सिंह, कमला राम, श्रीमती तारावती सिंह, बलवंत सिंह, आनंद जायसवाल, श्रीमती शाशिकला भगत, महामंत्री संजय सिंह, भानुप्रकाश दीक्षित, मंत्री श्रीमती शर्मिला गुप्ता, श्रीमती बसंती भगत, श्रीमती पूजा कश्यप, राम कुमार कुशवाहा, सुबोध विश्वास, अवधेश पैकरा, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, प्रवक्ता दीनानाथ यादव है।

### सेवानिवृत्त होने वाले कोल अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक मार्गदर्शी पहल की गई है,मिशन नचिकेता के तहत कोल मुख्यालय द्वारा तीन दिवसीय सेवानिवृत्ति पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,जो 4 से 6 अगस्त तक एमडीआई बिलासपुर में आयोजित होगा।कार्यक्रम विशेष रूप से उन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए है जो अगले छह महीनों में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सेवानिवृत्ति के बाद की जिंदगी को सुरक्षित, व्यवस्थित और मानसिक रूप से संतुलित बनाना है।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है कि सेवानिवृत्ति के बाद की वित्तीय योजना,पेंशन एवं ग्रेच्युटी की प्रक्रिया, स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय,सामाजिक जीवन में सक्रियता और भूमिका,परिवारिक जिम्मेदारियों की रणनीतिक समझ,कानूनी,कर एवं निवेश से जुड़ी अहम जानकारियां दी जाएंगी इस बावत एसईसीएल मुख्यालय द्वारा बिश्रामपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, गेवरा, कुसमुंडा, रायगढ़, दीपका, कोरबा, जमुना कोतमा समेत सभी क्षेत्रों के क्षेत्रीय महाप्रबंधकों और विभागाध्यक्षों को पत्र प्रेषित किया गया है,साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रत्येक क्षेत्र से कम से कम 4 अधिकारी, कर्मचारी और मुख्यालय के प्रत्येक विभाग से 2 प्रतिभागी अनिवार्य रूप से चयनित कर कार्यक्रम में भेजे जाएं। प्रशिक्षण का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में नवगठित केबिनेट को दिलाई गई शपथ



**राजपुर।** स्थानीय सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर में संत इग्नासियुस लोयोला, येसु समाजियों के संस्थापक का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए नवगठित स्कूल कैबिनेट के कक्षा बारहवीं के हेड बॉय दीपांशु श्रीवास्तव एवं हेड गर्ल शाना यासिन को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम के अंतर्गत आने वाले फिशिंग, पासवर्ड सुरक्षा, सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग, सोशल पर सतर्कता, फेक लिंक और ऑफर से बचाव, ऑनलाइन गेमिंग और सेटिंग से सावधानी, वार्ड मोबाईल का सही प्रयोग, सड़क पर दोपहिया का साव्यानी पूर्वक परिचालन करने, नशा पान से दूर रहने, बिना लाइसेंस वाहन न चलाने, हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिये हिदायत दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता फादर अमृत कुमार कुजूर, सुपीरियर और मैनेजर, सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर ने की जिन्होंने मुख्य अतिथि को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षा सत्र 2024-25 के 12वीं बोर्ड परीक्षा में अभिजीत यादव ने 92.8 प्रतिशत, सानिया खातुन ने 87.8 प्रतिशत एवं चंचल कुशवाहा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया कक्षा 10 वीं बोर्ड में शुभम सिंह ने 92 प्रतिशत, कु० नैन्सी लकड़ा ने 91.6 प्रतिशत एवं कु० अंशिका अग्रवाल ने 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया एवं अभिभावकों का मान बढ़ाया है। उन्होंने स्कूल के अनुशासन, सांस्कृतिक एवं ईको क्लब के लीडर्स को पद की गरिमा एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलवायी। फादर सेवास्तियन तिग्गा ने सभी कक्षाओं के मॉनिटर को शपथ दिलवायी। कार्यक्रम का संचालन हेलेना मुरुम, नीलिमा केरकेट्टा के मार्गदर्शन में माही एक्का, अनन्या, सूर्जी रॉय, शाहिद, नैना, निहाल, एवं प्रिंसी शर्मा ने किया। फादर आदेश लकड़ा ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान फादर अमृत कुजूर, फा. सेबास्तियन तिग्गा, अमोल मरकाम व अन्य मौजूद थे।

### युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी संभागायुक्त से की गई शिकायत

**अंबिकापुर।** युक्तियुक्तकरण के दौरान की गई गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने संभागायुक्त से शिकायत की है। परवेज आलम गांधी ने तत्कालीन



डीईओ अशोक कुमार सिन्हा पर शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण में अनियमितता करने और अपनी गलती छिपाए के लिए नियम विरुद्ध तरीके से एक लिपिक को निलंबित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बिना किसी विभागीय जांच के निलंबित लिपिक को बहाल कर फिर से उसी कार्यालय में पदस्थ कर दिया गया। युक्तियुक्तकरण में तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भारी अनियमितता व तानाशाही पूर्वक कार्रवाई की गई है। नियम के विरुद्ध कई शिक्षकों के अतिशेष न होते हुए भी अतिशेष की श्रेणी में लाकर जिले तथा संभाग से बाहर स्थानांतरण कराया गया। मामला उजागर होने पर अपनी गलती को छुपाने के लिए स्थापना लिपिक बृज किशोर तिवारी को निलंबित कर दिया गया तथा बिना किसी ठोस जांच एवं कार्यवाही के दोषी होते हुए भी उसे उसी संस्था में पुनः पदस्थ कर दिया गया। उन्होंने इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बीसीए संकाय के छात्रों को सामूहिक फेल करने का आरोप

# परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी का आरोप, छात्रों ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का किया घेराव



विरोध प्रदर्शन करते छात्र।



छात्रों को आश्वासन देते कुलपति।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

**खास बात**
- छात्रों को मिला शून्य अंक, भड़का आक्रोश

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों से बड़ी संख्या में छात्र अपने परिणामों को लेकर असंतुष्ट नजर आए, जहां उनके अंकों में व्यापक त्रुटियां पाई गईं। छात्रों ने इस संबंध में कई बार आवेदन देकर विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क किया किंतु कोई ठोस समाधान नहीं निकला जिससे छात्र न सिर्फ निराश है बल्कि परिणाम को लेकर आक्रोशित है। आज छात्रों ने आज़ाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर घेराव किया तथा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा।

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन से पूर्व बड़ी संख्या में छात्रों ने आजाद सेवा संघ के पदाधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय द्वारा गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते हुए रैली निकाल विश्वविद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। छात्रो ने पहली प्रमुख मांग यह रखी कि विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में बड़ी संख्या में छात्रों को शून्य अंक प्रदान किए गए हैं जो संदिग्ध और चिंताजनक स्थिति को दर्शाते हैं। क्योंकि यह मानना कठिन है कि सारे छात्र परीक्षा में कुछ भी न लिखें होंगे जबकि सभी नियमित रूप से अध्ययनरत रहते हैं। न्यूनतम उत्तर तो देने की क्षमता रखते ही हैं। दूसरी मांग यह रही कि कई विषयों विशेषकर बीए और बीएससी संकाय में अंकों के वितरण में एक निश्चित पैटर्न देखने को मिला जिससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि उत्तर पुस्तिकाओं का वास्तविक मूल्यांकन नहीं किया गया और केवल औपचारिकता वश परिणाम तैयार कर अंक प्रदान कर दिए गए जो न केवल मूल्यांकन की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगा है बल्कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य के साथ भी अन्याय की स्थिति उत्पन्न करता है। तीसरी और अत्यंत गंभीर मांग में यह बात सामने आई कि संभाग के अधिकांश महाविद्यालयों में बीसीए संकाय के लगभग 90 प्रतिशत छात्रों को एक या दो विषयों में सामूहिक रूप से अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया है जिससे न केवल छात्रों की प्रगति रुकी है बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बनी है। आज़ाद सेवा संघ ने मांग किया कि संभाग के सभी प्रभावित छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन पूर्णतः निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आगामी चार दिवसों के भीतर कराया जाए। लगातार कई सत्रों से देखा जा रहा है कि बड़ी संख्या में छात्रों को शून्य अंक दिए जा रहे हैं जबकि यह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। उन छात्रों के लिए जिन्होंने प्रायोगिक परीक्षाओं में किसी अनिवार्य कारणवश भाग नहीं लिया उनके लिए पुनः प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन किया जाए। विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा मांगों को गंभीरता से लिया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि आगामी 10 दिवसों के भीतर सभी उत्तर पुस्तिकाओं की निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पुनः जांच कराई जाएगी और यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो उसमें आवश्यक सुधार करते हुए पूरी प्रक्रिया को छात्रहित में पूर्ण किया जाएगा। इस दौरान नीतीश भाई पटेल, दिलीप दास, रिया सिद्धि, अनुराग, अली, लक्ष्मण, पायल, सुमित, नेहा, रवि, शुभम, अमन, आशुतोष सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं छात्र उपस्थित रहे।



## विधायक शकुंतला की उपस्थिति में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनगरा व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोझा में क्षेत्रीय विधायक शकुन्तला सिंह पोर्ते के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। शाला प्रवेशोत्सव पहले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोका के प्रांगण में मनाया गया।

मां सरस्वती का पूजन उपरांत बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विधायक द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाया गया व पुस्तक प्रदान किया गया। विधायक ने बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आप ही लोगों के बीच से कोई कर्मचारी बनेगा तो कोई अधिकारी बनेगा इसलिए पूरा मन लगाकर पढ़ें ताकि आप अपनी मंजिल को हासिल कर सके। इसके बाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदर में प्रवेश उत्सव में भाग ली। उन्होंने बच्चों को चंदन टीका लगाकर मिष्ठान खिलाया गया व नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक भेंट किया। बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विधायक द्वारा प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैंकरा, जिला पंचायत लवकेश पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, समय लाल मिश्रा, दशरथ सिंह, सत्यनारायण पैंकरा, हिमांशु सिंह, अनुराग द्विवेदी, नागेंद्र सिंह, विकास तिवारी, मीना श्रीवास्तव, किरण गुप्ता, कृष्णा सिंह, सोमारसाय सिंह, बालेश्वर सिंह, कमलेश सिंह, सलमान सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## रखरखाव के अभाव में राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ के अस्तित्व पर छाया संकट

**सीतापुर।** 15 अगस्त एवं 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्व की शोभा बढ़ाने वाला राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है।

- जर्जर स्मारक कि पिलर क्षतिग्रस्त, चारो ओर गंदगी

रखरखाव एवं देखरेख के अभाव में जयस्तंभ की हालत काफी जर्जर हो गई है। बदहाली की मार झेल रहे स्मारक की ऐसी दुर्गति होता देख लोगों ने चिंता जाहिर की है। इस संबंध में नगरवासियों ने नगर पंचायत से जयस्तंभ के मरम्मत कराने की मांग की है ताकि राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ को संरक्षित किया जा सके।



विदित हो कि नगर पंचायत के महामाया वार्ड क्र-10 में दशकों से राष्ट्रीय स्मारक के रूप में जयस्तंभ स्थापित है जहां बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ देश का राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त एवं 26 जनवरी मनाया जाता है। राष्ट्रीय पर्व मनाने से पहले नगर पंचायत द्वारा जयस्तंभ की साफ सफाई एवं रंगाई पुताई कराई जाती है ताकि राष्ट्रीय पर्व का उत्साह फीका न पड़ जाए। राष्ट्रीय पर्व मनाते ही नगर पंचायत जयस्तंभ से पूरी तरह किनारा कर लेती है और उसे उसके हाल पर छोड़ देती है।जिसकी वजह से राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ की हालत इन दिनों काफी जर्जर हो चुकी है। मरम्मत के अभाव में जयस्तंभ के प्रवेश द्वार का पिलर धराशायी हो चुका है उसके प्लास्टर उखड़ने लगे है। जयस्तंभ के चारो तरफ पसरी हुई गंदगी की वजह से यहाँ का माहौल काफी दूषित हो चला है। जयस्तंभ की इस बदहाली से अवगत होने के बाद भी नगर पंचायत द्वारा पल्ला झाड़ लेना जयस्तंभ के अस्तित्व के लिए खतरा बन गया है।नगरवासी भी जयस्तंभ की जर्जर हालत पर चिंता जाहिर करते हुए इसकी बदहाली के लिए नगर पंचायत समेत पूर्व पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराया है। नगरवासियों का कहना है कि जिम्मेदारों ने न कभी इसकी सुध ली और न ही कभी इसकी मरम्मत और रखरखाव को लेकर गंभीर नजर आए। केवल जयस्तंभ में 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज फहराने तक सीमित रहे।जिसकी वजह से आज इस राष्ट्रीय स्मारक की हालत इतनी दयनीय हो गई है। अगर जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान दिये होते तो आज इस राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ की हालत कुछ और होती। आज जयस्तंभ चौक अपनी बदहाली पर आंसू बहाते नजर नही आता। गौरतलब है कि कुछ दिनों बाद 15 अगस्त के दिन राष्ट्रीय पर्व के रूप में यहां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा जिसे देखते हुए ये उम्मीद जताई जा रही है कि उससे पहले जयस्तंभ का कायाकल्प हो जायेगा ताकि देश का राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को पूरे जोश उत्साह एवं धूमधाम से मनाया जा सके।

इस संबंध में अध्यक्ष नगर पंचायत प्रेमदान कुजूर ने बताया कि जयस्तंभ के कायाकल्प को लेकर परिषद की बैठक में प्रस्तावित है। 15 अगस्त से पहले जयस्तंभ का मरम्मत एवं रंग रोगन करा दिया जायेगा।



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सफाई कर्मचारी दूसरे दिन भी नहीं लौटे काम पर

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सफाई व्यवस्था ठेका पर देने के विरोध में आज दूसरे दिन भी अस्पताल के सफाई कर्मचारी काम पर नहीं लौटे और अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन किया। हालांकि आज से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था ठेका से होने पर ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ। ठेका कंपनी के अधीन नियुक्त हुए सफाई कर्मचारियों ने वार्ड सहित अस्पताल परिसर की सफाई की।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल की साफ-सफाई की जिम्मेदारी आज से ठेका से शुरू हो गया। सफाई के लिए ठेका लिए कंपनी द्वारा कुछ सफाई कर्मचारियों की भर्ती पूर्व में कर लिया था। इधर जीवन दीप समिति के भंग होने के बाद से सभी सफाई कर्मचारी कलेक्टर दर पर सफाई का काम कर रहे थे वहीं सफाई व्यवस्था ठेका पर देने पर सफाई कर्मचारियों ने विरोध शुरू किया। गुरुवार की सुबह ही सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर ठेका प्रथा का विरोध किया। पहले दिन मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेश्राम व अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने बैठक कर समझाइश दिया लेकिन अस्पताल के सफाई कर्मी नहीं माने और अपनी मांग पर अड़े रहे। आज पुनः सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर अस्पताल परिसर में धरना पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों को मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सहायक अधीक्षक जेके रेलवानी द्वारा काम पर वापस आने की समझाइश दी गई। हालांकि समझाइश के बाद कुछ सफाई कर्मचारी ने सहमति जताई लेकिन अधिकांश अपनी मांग पर अड़े रहे।

### अस्पताल के सफाई कर्मी को पहली प्राथमिकता

आज से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ठेका से सफाई की व्यवस्था शुरू हो गई है। ठेका लिए कंपनी द्वारा की जा रही भर्ती में अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को काम पर रखने की पहली प्राथमिकता दी जाएगी। आज लगभग 20 सफाई कर्मचारियों ने फार्म भरा है। विरोध प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी समय से फार्म भर देते है तो काम पर रख सकते है। अगर कंपनी द्वारा भर्ती कर लिया गया तो कुछ नहीं कर सकते है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक


## हनुमान मंदिर में अखंड मानस मंडल परिवार ने मनाई तुलसीदास जयंती

**बिश्रामपुर।** श्री रामचरितमानस के रचयिता आस्था सद्भाव और सनातन संस्कारों की अखंड वाणी भक्ति और भारतीयता को स्वर देने वाले पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती गुरुवार को अखंड मानस मंडल परिवार बिश्रामपुर द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बस स्टैंड स्थित संकट मोचन मंदिर में देर शाम सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया और भोग प्रशाद का वितरण किया गया।मानस मंडल परिवार के अध्यक्ष कृष्ण चंद मिश्रा गुड्डु महाराज ने उपस्थित जनों को गोस्वामी तुलसीदास जी के जन्मजयंती पर शुभकामनाएं दी एवं बताया कि रामचरित मानस का सनातन धर्म ग्रंथों में अपना अलग महत्व है,उन्होंने बताया कि मानस की एक एक चौपाई मनुष्य को जीवन जीने की कला सीखाती है।राम चरित्र मानस की रचना गोस्वामी जी को उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि ने उन्हें लोकभाषा और लोक भावना से सहज ही जोड़ दिया।अवधि भाषा में लिखा गया यह महाकाव्य जिसके कारण यह ग्राम्य जीवन में भी सहज रूप से समाहित हो गया, मानस के बाल कांड से उत्तर कांड तक राम जी का प्रत्येक चरित्र सागर के समान है।आयोजन में सुंदरकांड पाठ के बाद रामायण जी की हनुमान जी की आरती के बाद भोग प्रसाद का आयोजन किया गया।इस आयोजन में हनुमान मंदिर के पुजारी भोला महराज,मानस मंडल के सचिव सुरेश सिंह चंदेल, बीएल पटेल, सुरेंद्र तिवारी, महेंद्र राजवाड़े, ओमप्रकाश उपाध्याय, पारितोष, भुनेश्वर साहू, सिकंदर, आनंद चौधरी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होकर आयोजन को संपन्न कराया।



### सर्व ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाया संत तुलसीदास जयंती

**शंकरगढ़।** सर्व ब्राह्मण समाज ने संत तुलसीदास जयंती बड़े धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर भगवान श्रीराम, तुलसीदास, परशुराम की पूजा आरती कर सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान ब्लॉक संरक्षक राम लखन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल पांडे, ब्लॉक संयोजक धनीराम दुबे, प्रिया नाथ दुबे, संजय पांडेय, राम गोविंद पांडे, सुदीक्षण दुबे, प्रदीप मिश्रा, कमलेश भारती, राम मूरत मिश्रा, अशोक पांडे सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।



## खराब सड़कों को लेकर कांग्रेसियों ने पकनी चौक पर किया चक्का जाम, ज्ञापन सौंपा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना**

भटगांव के आसपास तथा पकनी भटगांव की खराब सड़कों को लेकर सलका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पकनी चौक में भटगांव के पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन करके सांकेतिक चक्का जाम किया गया।

- सड़क मरम्मत नहीं करने पर दी अनिश्चित कालीन अंदोलन की चेतावनी

धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाडे ने कहा कि वर्तमान के प्रदेश की ट्रिपल इंजन सरकार के सभी इंजन फेल हो गए है। पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर हैं 150 का स्टील जग 35 हजार में खरीदा जा रहा है। पचास हजार की एलइडी टीवी 5 लाख में खरीदा जा रहा है। किसानों के लिए सोसायटी में खाद बीज उपलब्ध नहीं है। एक बार ट्रांसफार्मर खराब हो जाए तो सप्ताह नहीं लगता है। जिले के सारे सड़के खराब हो चुकी है। सरकार को जगाने के लिए आंदोलन किया जा रहा है। जल्द सड़के नहीं सुधारी गई तो अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जिला संयुक्त महामंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह देव, महामंत्री प्रदीप राजवाड़े, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता, राहुल जायसवाल ने भी संबोधित किया।

इस दौरान अफरोज खाना, संजय सिंह, राहुल जायसवाल, प्रिंस श्रीवास्तव, लालाजी राजवाड़े, विवेक दुबे, हुलास राजवाड़े, शेषन तिवारी, संगीत राजवाड़े, रमेश चौधरी, पंडा यादव, मुन्ना रंगरेज़, मनोज साहू, संजीव सेठी, रंगीला देवांगन, उमेश मिश्रा, प्रभेस विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताता मौजूद थे। सांकेतिक चक्का जाम पश्चात मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम भैयाथान को सौंपा।

## स्कूल लेवल की 14 टीमें ले रही हैं टूर्नामेंट में हिस्सा

# स्कूल स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ


**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**



नगर के एकता स्टेडियम में जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित विद्यालय स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबाल प्रतियोगिता का लगातार 13 वें वर्ष एक अगस्त दिन शुक्रवार को शुभारंभ किया गया।प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव उपस्थित रहीं, अन्य अतिथियों में पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, अशोक गुप्ता, वेद प्रकाश मिश्र, गगनदीप सिंह बग्गा, गोपाल विद्रोही, जगदीश जोशी, सुनील सिंह कक्कू उपस्थित रहे। यहां पर अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर खेल का शुभारंभ कराया।

इस दौरान मुख्य अतिथि निर्मला यादव ने कहा कि यहां पर स्कूली बच्चों के खेल से जहां एक ओर मनोरंजन हो रहा है,वहीं दूसरी तरफ युवा खेल प्रतिभाओं को उभरने का सुनहरा मौका मिल रहा है, स्कूली बच्चों द्वारा बेहतर तरीके से खेल का प्रदर्शन किया जा रहा है,हमारी तरफ से आयोजन कमेटी जिस तरह के सहयोग की अपेक्षा करेगी,उसे हरसंभव पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा।

पढ़ाई के साथ साथ खेल भी बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बहुत ही जरूरी होता है।पिछले कुछ समय से एकता स्टेडियम की स्थिति एसईसीएल प्रबंधन की उदासीनता की वजह से दिनों दिन ख़राब व जर्जर हो रही है,इस तरफ प्रबंधन को शीघ्र ही ध्यान देने की आवश्यकता है। फुटबॉल प्रतियोगिता में आज शुक्रवार को पहला मैच शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी व कार्मेल कान्वेंट स्कूल बिश्रामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी की टीम 3-1 के गोल के अंतर से विजयी हुई।मैन ऑफ द मैच लटोरी के सोनू राजवाड़े को प्रदान किया गया।दूसरा मैच आदर्श विद्या निकेतन लक्ष्मीपुर व राजकुमार पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें आदर्श विद्या निकेतन लक्ष्मीपुर की टीम ने यह मैच 2-0 के अंतर से जीत लिया।प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला फुटबॉल संघ के राम बहादुर लामा, अनुपम फिलिप,शशि नान्हु, सज्जी उमर, सुरेशन स्वाईं बुन्नू, प्रकाश कुर्रे, भुवन रजक, जकरियास टोप्पो,आयुष सिंह, करण सिंह, पीयूष सिंह, साहिल सिंह, हेमंत राजवाड़े सक्रिय हैं, मैच रेफरी की भूमिका में राम बहादुर लामा, रोहित, लव कुमार, रोकी, हेमंत, सुरेश मौजूद रहे।




# जॉन अब्राहम की फिल्म तेहरान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'तेहरान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो एक सच्ची घटना पर बेस्ड बताई जा रही है। अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन के साथ मानुषी छिल्लर भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर बेस्ट रूह कंपा देने वाली कहानी है। अरुण गोपालन निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम अपने धाकड़ अवतार में दिख रहे हैं और आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए तैनात भी। इस फिल्म पहली बार जॉन एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर के साथ नजर आ रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। मेकर्स ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, 'क्या वह देशभक्त था या देशद्रोही?

## लाइफ Style

# मृणाल

## एक्टिंग के लिए बीच में छोड़ दी पढ़ाई



मृणाल ठाकुर सिनेमा की दुनिया का चर्चित नाम हैं। अपनी खूबसूरती और अदाकारी के दम पर उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। मगर, इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ उनकी मेहनत और लगन रही है। शुरुआत से ही मृणाल की दिलचस्पी अभिनय की तरफ रही और कहा जाता है कि किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो वह मिल ही जाती है। उन्होंने अभिनय में कॅरियर बनाने का सपना देखा और आखिर यह सपना पूरा हुआ।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मृणाल ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 2012 में सीरियल 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' से की। उनको जब इस शो का ऑफर मिला, तब वे पढ़ाई कर रही थीं। एक्टिंग में कॅरियर बनाने के लिए मृणाल ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। उसने एक्टिंग की शुरुआत घरवालों को बताए बिना की। 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' के बाद मृणाल कई और टीवी सीरियल में नजर आईं। शो 'कुमकुम भाग्य' में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो में उन्होंने बुलबुल अरोड़ा का किरदार निभाया था। मृणाल ठाकुर ने देह व्यापार और चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मुद्दे पर बनी फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। फिल्म शूट करने से पहले मृणाल कोलकाता जाकर कुछ दिन रहीं। वे वहां सोनागाछी रेडलाइट एरिया में गई थीं और देह व्यापार के दलदल में फंसी युवतियों-महिलाओं की जिंदगी को करीब से देखा। बॉलीवुड में मृणाल को फिल्म 'सुपर 30' में ऋतिक रोशन के अपोजिट देखा गया और यहां से उनके कॅरियर ने नई उड़ान भरी। भारत में तो मृणाल ठाकुर की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। मगर, जानकार हैरानी होगी कि इंडोनेशिया में भी उनका फैन बेस मजबूत है। यहां तक कि उन्होंने कुछ इंडोनेशियन टीवी शो में भी काम किया है।

## हॉलीवुड मसाला

# ड्यून पार्ट 3 में कंफर्म की अपनी मौजूदगी



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यूनः पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। एक्टर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपनी दाढ़ी बनवाते नजर आए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है।




# माइकल जैक्सन का यूज किया हुआ गंदा मोजा लाखों में बिका

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन का एक पुराना, गंदा और दागदार क्रिस्टल वाला मोजा लाखों में बिका है। फ्रांस में नीलामी के दौरान इसकी उम्मीद से अधिक बोली लगी। बताया जा रहा है कि यह मोजा उन्होंने 1997 में 'हिस्ट्री वर्ल्ड टूर' के दौरान नीस में एक कॉन्सर्ट में पहना था। एक स्टेज टेक्नीशियन को जैक्सन के ड्रेसिंग रूम के पास यह मोजा फेंका हुआ मिला था। बताया जाता है कि चूंकि इसे काफी वक्त हो गया इसलिए इस चमकीले मोजे में पीलापन और दाग भी नजर आ रहे थे। वहीं ऑक्शन रखने वालों को इसके $3,400- $4,500 के बीच में बिकने की उम्मीद थी। हालांकि, फैन्स और अनोखी चीजों का शौक रखने वालों ने काफी इंटरेस्ट दिखाया और ये उम्मीद से अधिक महंगा हो गया। पिछले दिनों बुधवार को फ्रांस में रखी गई एक नीलामी में माइकल जैक्सन का ये गंदा और यूज किया हुआ मोजा $8000 डॉलर यानी करीब 7 लाख रुपए में बिका है।



# साउथ से लेकर बॉलीवुड तक का शानदार सफर


**मुंबई।** तापसी पन्नू ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में की थी, लेकिन उनकी किस्मत ने उन्हें ग्लैमर की दुनिया में ला खड़ा किया। साल 2008 में उन्होंने मॉडलिंग शुरू की और फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया, जहां उन्हें मिस फ्रेश फेस और मिस ब्यूटीफुल स्किन का खिताब मिला। इसके बाद, 2010 में तेलुगु फिल्म 'झुम्मंडी नादम' से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। 2011 में तमिल फिल्म 'आदुकलम' ने उन्हें साउथ में पहचान दिलाई। बॉलीवुड में तापसी ने 2013 में चश्मे बद्दूर से डेब्यू किया। लेकिन, असली शोहरत उन्हें 2015 की फिल्म बेबी में सात मिनट के रोल से मिली। इस फिल्म के बाद तापसी ने पिंक, नाम शबाना, मुल्क, थप्पड़, हसीन दिलरुबा, फिर आई हसीन दिलरुबा और डंकी जैसी कई फिल्मों में काम किया और उन्हें बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया।



# पोस्टमैन में निभाएंगे दिल को छू लेने वाला किरदार

**मुंबई।** संजय मिश्रा ने अपने कॅरियर में जहां कॉमेडी के जरिए दर्शकों को हंसाया है, वहीं संजीदा किरदारों के लिए जरिए आंखें भी नम की हैं। जल्द ही वह एक और संजीदा किरदार फिल्म पोस्टमैन में निभाने वाले हैं। फिल्म के फर्स्ट लुक को संजय मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है, इसमें वह पोस्टमैन के गेटअप में नजर आ रहे हैं। इसी पोस्ट में फिल्म को लेकर निर्देशक फैजान ए बजमी लिखते हैं, 'हर फिल्म एक स्पॉर्क से शुरू होती है। हमारी फिल्म एक चिट्ठी से शुरू हुई। अपनी फिल्म पोस्टमैन का पहला लुक शेयर करते हुए प्राउड फील हो रहा है। फिल्म पोस्टपैन एक फैसले और संदेश की अहमियत के बारे में बताती हैं। इस फिल्म के निर्देशक फैजान, संजय मिश्रा और बाकी कलाकारों के बारे में कहते हैं, मैं सभी कलाकारों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इस फिल्म में जान फूंक दी है।

## टीवी मसाला



# तुलसी की चर्चा के बीच अनुपमा छा गई, टॉप 5 में दो कॉमिक शो शामिल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर चर्चा है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की वापसी के बाद रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की पॉपुलैरिटी में कमी आएगी। लेकिन, 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में स्थिति इसके उल्ट है। इस हफ्ते रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में टॉप पर जगह बनाई है। इन दिनों रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा में लीड कैरेक्टर अनुपमा और उसकी बेटी के बीच तनाव नजर आ रहा है। दोनों के बीच मनमुटाव के कारण दर्शक इस सीरियल को पसंद कर रहे हैं। 29वें हफ्ते में इस सीरियल ने 2.3 की टीआरपी हासिल की है। लगभग 16 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' इस बार टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। सीरियल की टीआरपी इस बार 2.1 रही है। पिछले हफ्ते इस सीरियल ने टॉप पर अपने लिए जगह बनाई थी। 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर कॉमिक सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। इस सीरियल को 1.9 की टीआरपी मिली है। वहीं, लाफ्टर शेफ 2 ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है, इसको भी 1.9 की टीआरपी मिली है।

# बिग बॉस 19 में होगी राजनीति और बनेगी घरवालों की सरकार

**नई दिल्ली।** दोस्तों और दुश्मनों हो जाओ तैयार, क्योंकि इस बार घरवालों की सरकार। इस डायलॉग से सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' का टीजर रिलीज किया। इस बार शो का कॉन्सेप्ट हटकर होने वाला है। इस बात की झलक



सलमान खान ने रियलिटी शो के हालिया जारी किए गए टीजर में दी है। टीजर में सलमान खान किसी नेता की तरह गेटअप लिए दिखे। साथ ही वह घोषणा करते हैं कि इस बार 'बिग बॉस 19' में बहुत सारा फन होने वाला है। शो का कॉन्सेप्ट पॉलिटिक्स से इंस्पायर होगा। जिसमें शो में भाग लेने वाले प्रतियोगी मिलकर अपनी सरकार बनाएंगे। अब इस सरकार को बनाने के प्रोसेस में क्या-क्या होगा? यही सब रियलिटी शो में देखेन को मिलेगा। 'बिग बॉस 19' 24 अगस्त से शुरू होगा। इस शो को कलर्स चैनल पर 10.30 बजे दिखाया जाएगा। साथ ही दर्शक इसे जियोहॉटस्टार पर भी देख सकते हैं। इस शो में जो प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं, उनको लेकर कुछ नामों की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है। इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा, गौरव खन्ना, धनश्री के नाम सामने आए हैं।

# धड़क 2 में तृप्ति-सिद्धांत के अभिनय ने जीता दिल



**मुंबई।** साल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' शुक्रवार 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है। दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है। शाजिया इकबाल के निर्देशन में बनी फिल्म 'धड़क 2' को धर्मा प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज और क्लाउड 9 पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म को नेटिजन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सिद्धांत ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं, तृप्ति डिमरी का आत्मविश्वास दर्शकों को पसंद आया है। फिल्म की कहानी भी दर्शकों को पसंद आई है। एक यूजर ने लिखा, कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर धड़क 2 दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है। नेटिजन्स तृप्ति की तारीफ में लिख रहे हैं, 'तृप्ति ने विधि का किरदार इतनी खूबसूरती से अदा किया है कि वे पूरी तरह उसमें ढल गई हैं'। फिल्म 'धड़क 2' तमिल क्लासिक 'परियेरुम पेरुमल' से प्रेरित है, जिसने जाति संबंधी अन्याय को प्रभावी ढंग से दिखाया था। हालांकि, कुछ लोगों सौरभ सचदेवा, विपिन शर्मा और जाकिर हुसैन भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी और सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है, मगर कुछ दर्शकों का मानना है कि फिल्म में जातिवाद का मुद्दा पूरी गहराई से असर नहीं कर पाया है।

# अजय देवगन और रवि किशन के साथ लगाइए हंसी के ठहाके



**नई दिल्ली।** 2012 में आई फिल्म 'सन ऑफ सरदार'को काफी पसंद किया गया और यह उस साल की 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। उस फिल्म में अजय देवगन के साथ संजय दत्त की जोड़ी हिट रही थी, वहीं 13 साल बाद आए इस फिल्म के दूसरे पार्ट 'सन ऑफ सरदार2'में संजय दत्त की जगह अजय के साथ रवि किशन को लिया गया।

इस बार अजय के साथ मृणाल ठाकुर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आ रही हैं और इन दोनों की केमिस्ट्री आपको पर्दे पर पसंद आने वाली है। वहीं, राजा (रवि किशन) का परिवार भी है, जिसका बेटा सबा से प्यार करता है। राजा पाकिस्तानियों से नफरत करता है, लेकिन उसके बेटे को नहीं पता कि वह जिस लड़की से प्यार करता है, वह पाकिस्तानी है। अब राबिया, जस्सी को, जो अपनी पत्नी से अलग होकर राबिया के घर में रह रहा है, अपनी बहन की बेटी सबा के पिता बनने का नाटक करने के लिए मना लेती है। एक घटना के दौरान राबिया और जस्सी की मुलाकात होती है और फिर दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं, जिसके बाद राबिया उसे अपने घर में पनाह देती है। जस्सी को राजा के सामने कर्नल बनाकर पेश किया जाता है।

जस्सी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। फिल्म के पहले पार्ट में उन्हें संजय दत्त ने परेशान किया था और अब रवि किशन राजा का किरदार उनकी परेशानियां बढ़ाते दिखे. अजय देवगन फिल्म में अपने पुराने रोल में ही नजर आए हैं और अपना बेस्ट दिया है। पर्दे पर उनके साथ मृणाल ठाकुर खूब जंच रही हैं। रवि किशन से लेकर संजय मिश्रा तक, सभी ने अपने किरदारों से कमाल किया है, लेकिन सबसे दमदार रोल गुल के रूप में दीपक डोबरियाल का होगा.

## अलग-अलग शैलियों की आ रहीं फिल्में और सीरीज

# इस वीकेंड ओटीटी पर मिलेगा भरपूर मनोरंजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस हफ्ते सिनेमाघरों में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 जैसी फिल्में रिलीज हो गई हैं। लेकिन, अगर आप घर बैठे मनोरंजन करना चाहते हैं, तो ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में और सीरीज इस वीकेंड आ रही हैं। जिनको आप अपने परिवार के साथ घर बैठे देख सकते हैं।

### हाउसफुल 5

अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन स्टारर मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद अब ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। फिल्म 1 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। अगर आपने सिनेमाघरों में ये फिल्म मिस कर दी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं।

### माय ऑक्सफोर्ड ईयर

1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर 'माय ऑक्सफोर्ड ईयर' रोमांस और सेल्फ डिस्कवरी के सफर को दिखाया जा रहा है। जहां एक अमेरिकी लड़की का जीवन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक लवस्टोरी की शुरुआत के साथ पूरी तरह से बदल जाता है।



### सितारे जमीन पर

आमिर खान की सुपरहिट फिल्म'सितारे जमीन पर अगर आपने सिनेमाघरों में मिस कर दी तो अब आप इसे घर बैठे परिवार के साथ देख सकते हैं। सितारे जमीन पर 1 अगस्त से यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत उपलब्ध है। जहां आप इसे देख सकते हैं।

### बकैती

बकैती छोटे गांव की एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा अपने पारिवारिक रिश्तों और जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करता है। यह सीरीज 1 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है।

### थम्मुडु

एक भाई-बहन की इमोशनल कहानी को एक्शन से जोड़कर दिखाती फिल्म तेलुगु थ्रिलर फिल्म थम्मुडु 1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म प्यार, बलिदान और हिम्मत की एक इमोशनल कहानी दिखाती है।






### चीफ ऑफ वॉर

18वीं सदी के अंत में हवाई की कहानी को दिखाती इस सीरीज में जेसन मोमोआ ने काइआना नाम के योद्धा का किरदार निभाया है। जो विदेशों से अपने घर लौटता है और देखता है कि उसका देश आंतरिक लड़ाई और विदेशी ताकतों के खतरे से घिरा है। 9 एपिसोड की यह सीरीज 1 अगस्त से एप्पल टीवी पर स्ट्रीम हो गई।

**खबर संक्षेप**

### खटारा बसों से बच्चों की जान खतरे में: मोनू

**खरसिया।** खरसिया विकासखंड में संचालित शासकीय और निजी स्कूलों की बसें अब बच्चों के लिए खतरा बनती जा रही हैं। क्षेत्र के युवा नेता मोनू केसरी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकांश स्कूल बसें खटारा और फिटनेसविहीन हैं, जिनसे हर दिन बच्चे सफर करने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बस संचालकों द्वारा अभिभावकों से किराया तो पूरा वसूला जाता है, परंतु वाहन की स्थिति और सुविधा दयनीय होती है। मोनू केसरी ने प्रशासन से मांग की है कि सभी स्कूल बसों और वाहनों की तत्काल जांच हो और अनफिट वाहनों को बंद किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती तो वे जनआंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### रावत समाज को ओबीसी में शामिल करने की मांग

**पुसौर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा लंबे समय से चली आ रही मांग रावत उपनामधारी यादव समाज को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है। इसी कड़ी में पुसौर में समाज की महत्त्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव ने बताया कि 1 से 14 अगस्त के बीच पूरे राज्य में तहसील, एसडीएम और कलेक्टर कार्यालयों में ज्ञापन सौंपे जाएंगे। पुसौर तहसील में यह कार्यक्रम 5 अगस्त और रायगढ़ एसडीएम कार्यालय में 11 अगस्त को निर्धारित है। जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव ने सभी विकासखंडों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अधिकाधिक संख्या में उपस्थित हों। महासचिव सुनील यादव ने अनुशासन समिति का गठन करते हुए संगठनात्मक एकता पर बल दिया। बैठक में समाज के युवा वर्ग की भागीदारी उल्लेखनीय रही। सभी वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि रावत समाज को उसका संवैधानिक हक दिलाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया जाए।

### अग्रसेन जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष बने बजरंग

**खरसिया।** श्री अग्रसेन जनकल्याण ट्रस्ट की बैठक में बजरंग अग्रवाल एलआर को सर्वसम्मति से चौथी बार अध्यक्ष चुना गया। बैठक में पिछला आय-व्यय विवरण कोषाध्यक्ष सुल्तानिया ने प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। संस्था के इतिहास पर नजर डालें तो 1977 में लखीराम अग्रवाल के नेतृत्व में ट्रस्ट की स्थापना हुई थी और 1978 में अग्रसेन भवन का निर्माण हुआ था, जो उस समय पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना था। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पुराने अग्रसेन भवन को तोड़कर वहां बेसमेंट में पार्किंग और उसके ऊपर करीब 6000 वर्गफुट का भव्य सभागृह तैयार किया जाएगा। प्रथम तल पर 22 सुविधाजनक कमरे और छत पर सुंदर गार्डन के साथ एक पार्टी स्पेस का निर्माण भी प्रस्तावित है। समाज के जरूरतमंद वर्ग को यह भवन रियायती दर पर दिया जाएगा और सामाजिक आयोजनों हेतु निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। बजरंग अग्रवाल के नेतृत्व में पहले तीन कार्यकालों में कन्या विवाह भवन और अग्रसेन भवन में कई विकास कार्य हुए। अब चौथे कार्यकाल में ट्रस्ट द्वारा भवन का कायाकल्प किया जाएगा। जल्द ही नए ट्रस्टी भी बनाए जाएंगे।

### हायर सेकेंडरी में हर कक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे

**पुसौर।** छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर ने बड़ी पहल की है। विद्यालय में अब प्रत्येक कक्षा में हाई-रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यह कार्य विद्यालय प्रबंधन समिति और वरिष्ठ शिक्षक सौदागर चौहान के सहयोग से पूर्ण हुआ। सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन प्राचार्य अमरबेली केरकेट्टा, बीईओ शैलेष देवांगन और बीआरसी शैलेन्द्र मिश्रा के हाथों हुआ। उन्होंने इसे शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। पूर्व में एनटीपीसी लारा द्वारा विद्यालय में विभिन्न सुविधाएँ जैसे शौचालय, रूम लाइट, पंखे, स्पोर्ट्स ड्रेस इत्यादि प्रदान की गई थीं। अब इस तकनीकी निगरानी व्यवस्था से अनुशासन, परीक्षा संचालन और अवांछित गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

## खरसिया के जनता ने सौंपा हस्ताक्षर वाला ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

# फाटक नंबर 313 पर जनता का आक्रोश काम शुरू नहीं तो सड़क पर उतरेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

रेलवे फाटक नंबर 313 पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर खरसिया नगर की जनता अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। शुक्रवार को नगर के सभी 18 वार्डों के सैकड़ों नागरिकों ने एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस ज्ञापन के साथ नागरिकों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो सड़क पर उतरकर जनआंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि 23 दिसंबर 2021 को तत्कालीन खरसिया विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री उमेश पटेल के प्रयासों से रेलवे क्रॉसिंग नंबर 313 पर ओवरब्रिज के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। इस दौरान कोरोना जैसी वैश्विक महामारी और आर्थिक सुस्ती के बावजूद सरकारी स्तर पर सभी औपचारिकताएं पूरी की गई, सर्वेक्षण हुआ, स्थल चयन हुआ, निविदा आमंत्रित की गई और तकनीकी कारणों से दो बार प्रक्रिया रद्द होने के बाद तीसरी बार फाइनल भी हो गई। लेकिन इसके बाद आचार संहिता लागू हो गई और कार्यादेश जारी नहीं हो सका।

चुनाव बीत चुके हैं, नई सरकार बन गई हैए लेकिन निर्माण कार्य अब तक अधर में लटका है।



**हस्ताक्षर से तैयार ज्ञापन सौंपा**

खास बात यह रही कि इस ज्ञापन पर खरसिया के सभी 18 वार्डों के सैकड़ों नागरिकों ने अपने मूल हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी रही। यह अब किसी एक पार्टी या नेता की मांग नहीं बल्कि पूरे खरसिया नगर की जनभावना बन चुकी है। ज्ञापन में लिखा गया कि यदि आगामी कुछ सप्ताहों में सरकार की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो नगर के सभी नागरिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगाए लेकिन यह सरकार के लिए एक कड़ा संदेश होगा कि जनता को अनदेखा करने की कीमत चुकानी पड़ सकती है।

**क्रॉसिंग पर मरीजों से लेकर छात्र तक परेशान**

ज्ञापन में बताया गया कि इस रेलवे फाटक से रोज 40 से 45 ट्रेनें गुजरती हैं, जिससे हर दिन औसतन 30 से 40 मिनट तक फाटक बंद रहता है। इससे पूरे शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। गंभीर मरीजए गर्भवती महिलाएं, एंबुलेंस, स्कूली बच्चे, न्यायालयीन कार्यों में लगे वकील और प्रशासनिक अधिकारी सभी को बार-बार परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार दुर्घटनाएं भी हुई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

**सरकार ने मुआवजा भी बांटा स्थल भी तैयार, फिर देरी क्यों**

ज्ञापन में नागरिकों ने प्रशासन से यह भी सवाल किया कि राज्य सरकार द्वारा सात करोड़ रुपये का मुआवजा पहले ही वितरण किया जा चुका है। भूमि अधिग्रहण का काम भी पूरा हो चुका है। निर्माण स्थल तैयार है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू न होना श्राजनीतिक वैमनस्यता या उपेक्षा का संकेत देता है। लोगों का कहना है कि यदि राजनीतिक कारणों से विकास कार्य रोके जा रहे हैं तो यह सीधे.सीधे जनहित की अनदेखी हैए और जनता अब यह बर्दाश्त नहीं करेगी।

## मजदूरों की मौत पर सवाल, स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग जांच के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में हो रहे औद्योगिक विस्तार के साथ-साथ मजदूरों और कर्मचारियों की मौत के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ संगठन ने इस गंभीर मुद्दे पर रायगढ़ कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए उपसंचालक मनीष श्रीवास्तव के 10 वर्षों के कार्यकाल की जांच की मांग की है।

संगठन का कहना है कि श्रम विभाग के अंतर्गत कार्यरत स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग का मुख्य काम उद्योगों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना है, लेकिन विभाग के अधिकारी केवल औपचारिक निरीक्षण कर अपनी जिम्मेदारियों से बचते रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि उपसंचालक मनीष श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल में सुरक्षा के मामले में लापरवाही बरती, जिससे हर साल कई मजदूर दुर्घटनाओं में मारे गए हैं। इसके साथ ही श्रीवास्तव पर शासकीय नियमों की अवहेलना करते हुए सहायक ग्रेड.2 को जन सूचना अधिकारी नियुक्त करने और सूचना मांगने वालों को जानबूझकर भ्रामक या अधूरी जानकारी देने के आरोप लगाए गए हैं। इस विषय पर राज्य सूचना आयोग ने भी आपत्ति जताई थी, लेकिन उस पर भी कोई अमल नहीं किया गया।

> ■ सालों से पदस्थ अधिकारी की कार्यशैली पर आरोप, जांच की मांग तेज

संगठन ने बताया कि श्रीवास्तव ने अपने रिश्तेदारों और परिचितों को उद्योगों में नौकरी दिलाई और विभागीय संसाधनों का भी दुरुपयोग किया है। पिछले एक वर्ष में 12 से अधिक मजदूरों की मौत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, विभागीय सचिव और जिले के विधायकों को भी भेजी गई है। संगठन ने मांग की है कि श्रीवास्तव के कार्यकाल की उच्च स्तरीय जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में श्रमिकों की अनावश्यक मौतों को रोका जा सके।

## एनएलएम टीम ने 8 पंचायतों में किया योजनाओं का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत सरकार की निगरानी टीम नेशनल लेवल मॉनिटरिंग (एनएलएम) ने जिले के तीन विकासखंडों लैलूंगा, धरमजयगढ़ और घरघोड़ा में 8 पंचायतों का दौरा कर जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का मूल्यांकन किया। यह दौरा 21 जुलाई से 30 जुलाई के मध्य संपन्न हुआ।

एनएलएम विशेषज्ञ राम सागर और जगबीर सिंह ने मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों – जैसे तालाब गहरीकरण, सड़क निर्माण और बाढ़ नियंत्रण संरचनाओं की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने मजदूरी भुगतान की समयसीमा, कार्यस्थल पर मूलभूत सुविधा जैसे पेयजल व छाया की उपलब्धता की भी जांच की। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में कई हितग्राहियों के आवास अधूरे पाए गए, जिस पर टीम ने जिम्मेदार अधिकारियों को शीघ्र निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। एनआरएलएम योजना के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों की दक्षता, आयवर्धन गतिविधियाँ, सीआरपी की भूमिका, बैंकिंग सुविधा तक पहुँच आदि की सराहना की गई। टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कई पंचायतों में दस्तावेज अद्यतन नहीं किए गए हैं। टीम ने विशेषकर घरघोड़ा विकासखंड के सीईओ की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग को सख्त चेतावनी दी। इस मूल्यांकन का प्रतिवेदन अब केंद्र सरकार को भेजा जाएगा, जिससे जिले की योजनाओं की रैंकिंग तय होगी।



## गिरधर ने बाबा रामदेव से की भेंट



**खरसिया।** भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री गिरधर गुप्ता अपनी धर्मपत्नी सुमित्रा देवी के साथ योग नगरी हरिद्वार में बाबा रामदेव से भेंट कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। गुप्ता दंपति योगग्राम और निरामयं जैसे आयुर्वेदिक केंद्रों में ठहरे हुए हैं, जहां योग, पंचकर्म, नेचुरोपैथी और यज्ञ थेरपी के समेकित इलाज की सुविधा उपलब्ध है। गिरधर गुप्ता ने बाबा रामदेव के साथ प्रदेश की राजनीति और स्वास्थ्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में असाध्य रोगों तक का इलाज संयम और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से किया जाता है। यह उनका 10 दिनों का आध्यात्मिक और चिकित्सीय प्रवास है।

## रेडी-टू-ईट आपूर्ति के लिए महिला स्व सहायता समूहों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला पंचायत रायगढ़ की संयुक्त पहल पर एक नई शुरुआत की गई है। रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री निर्माण व आपूर्ति के लिए चयनित महिला स्व सहायता समूहों को एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समूहों को व्यवसायिक रूप से दक्ष बनाकर उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव ने समूहों को गुणवत्तायुक्त निर्माण, स्वच्छता मानकों, समयबद्ध वितरण और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि बाल विकास परियोजनाओं में रेडी-टू-ईट सामग्री की आवश्यकता निरंतर बनी रहती है, जिसे स्थानीय स्तर पर महिला समूहों के माध्यम से पूरा करने का निर्णय लिया गया है। खाद्य सामग्री के निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता, भंडारण पद्धति, पैकिंग तकनीक और वितरण की प्रक्रिया का समूहों को लाइव डेमो सहित अभ्यास कराया गया। अंत्यावसायी विभाग ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग की महिलाएं लघु उद्योग स्थापना हेतु विशेष अनुदान व प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकती हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला प्रबंधक (लाइवलीहुड), लीड बैंक अधिकारी, समस्त परियोजना अधिकारी, चयनित समूहों की अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम जिले में महिला आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो सकता है।



## डाइट धरमजयगढ़ में नवीन पाठ्यपुस्तक प्रशिक्षण



**धरमजयगढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) धरमजयगढ़ में 28 जुलाई से 1 अगस्त तक पांच दिवसीय बीआरजी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का विषय था, कक्षा छठवीं की नवीन पाठ्यपुस्तक का गहन अध्ययन एवं कक्षा शिक्षण की रणनीतियाँ। प्रशिक्षण प्रभारी अनिल गवेल एवं प्राचार्य अनिल पैंकरा ने प्रथम दिन उद्देश्य स्पष्ट किया। प्रशिक्षण मल्हार, संस्कृत और दीपकम विषयों पर केंद्रित रहा। डीआरजी यज्ञचरण पंडा, प्रकाश शर्मा, दिलेश्वर पटेल, रीना सिंह, गणेशराम भगत जैसे प्रशिक्षकों ने समूह कार्य, परिचर्चा, रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को पाठ्यपुस्तक की नवीनता से अवगत कराया। शिक्षकों को आगामी दिनों में अपने-अपने विकासखंड में प्रशिक्षण देना होगा। इस कार्यक्रम में डाइट के अर्चना एक्का, भूषण प्रधान, बृजेश द्विवेदी, अजीत नायक सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

## प्रेमचंद जयंती पर साहित्यिक गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्थानीय जिला ग्रंथालय सभागार में मंगलवार को हिंदी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बैंकर्स क्लब रिटायर्ड के तत्वावधान में किया गया, जिसमें शहर के साहित्य, कला और समाज सेवा से जुड़े कई गणमान्यजनों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत परंपरानुसार मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ हुई। इसके बाद एलएन सिंह ने प्रेमचंद के जीवनए संघर्ष और साहित्य पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे नवाब राय से प्रेमचंद और फिर मुंशी प्रेमचंद बनने की यात्रा ने उन्हें हिंदी साहित्य का सबसे बड़ा नाम बना दिया। विशेष रूप से मुंशी शब्द उनके नाम से कैसे जुड़ा, इस प्रसंग ने सभी को चकित कर दिया। इसके बाद प्रगतिशील लेखक संघ से हर्ष सिंह, इप्टा से विवेक तिवारी, भरत निषाद, श्याम भाऊ देवकर, रविन्द्र चौबे, किसान सभा से मदन पटेल और समाजसेवी मुकेश जैन ने बारी.बारी से प्रेमचंद के साहित्यए उनके सामाजिक सरोकारों, किसान, मजदूर, दलित और स्त्री पात्रों पर आधारित कहानियों पर अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रेमचंद का साहित्य केवल साहित्य नहींए बल्कि समाज का आईना हैए और आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। उन्होंने कहा कि हमें प्रेमचंद से प्रेरणा लेकर साहित्य पढ़ने और समझने की आदत को अपनाना चाहिएए क्योंकि इससे सोचने, लिखने और बोलने की शक्ति विकसित होती है। कार्यक्रम में प्रमोद सराफ, निर्मल सिंह, रविन्द्र चौबे, दिनेश श्रीवास्तव, तरुण घोष सहित अन्य कई साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।



## नहाते वक्त झरने में डूबा युवक, मौके पर मौत

**रायगढ़।** बोतल्दा रॉक गार्डन एक बार फिर दर्दनाक हादसे का गवाह बना। शुक्रवार को रायगढ़ निवासी एक युवक दोस्तों संग पिकनिक मनाने आया था, लेकिन नहाते वक्त झरने की गहराई में समा गया। कुछ देर की खोजबीन के बाद जब युवक का शव पानी से बाहर निकाला गयाए तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृतक की पहचान सचिन कुमार साह पिता हरीश चंद्र साह, निवासी जूटमिल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सचिन मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और हाल ही में रायगढ़ में अपने जीजा के घर ठहरा हुआ था। बताया गया कि वह अपने दोस्तों के साथ रॉक गार्डन घूमने गया था और झरने में नहाते समय फिसलकर गहराई में चला गया।

## पुसौर बीईओ ने निजी स्कूलों की ली बैठक

**पुसौर।** नवपदस्थ खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) शैलेष देवांगन द्वारा पुसौर ब्लॉक के निजी स्कूलों के प्राचार्यों और संचालकों की बैठक बीआरसी कार्यालय में आयोजित की गई। यह बैठक शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेहद महत्वपूर्ण रही।

बीईओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि आरटीई (निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा) के अंतर्गत बच्चों के दाखिले की संख्या, दस्तावेज और उपस्थिति रजिस्टर में किसी भी प्रकार की असमानता न हो। छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की गई जानकारी सही होनी चाहिए ताकि समय पर राशि स्वीकृत हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि कई स्कूलों द्वारा समय पर पाठ्यपुस्तकों का वितरण नहीं किया गया है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अब सभी स्कूल अनिवार्य रूप से शासन से प्राप्त पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करेंगे। वाहनों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए गए कि सभी स्कूल संचालक वाहन में सुरक्षा मानकों – जैसे फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, चालक का लाइसेंस और सीटिंग क्षमता का पूर्ण पालन करें। इसके अलावा बीईओ ने स्कूल भवनों की फिजिकल स्थिति, कक्षाओं की संख्या, शिक्षक नियुक्ति और लाइब्रेरी की उपलब्धता की भी जानकारी ली।



## पृष्ठ 1 का शेष

### पुलिस ने 31 दिन ...

परिवारों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। कई मामलों में बच्चियों को शादी का झांसा देकर भगाया गया था- जिला पुलिस के अनुसार अधिकांश प्रकरणों में नाबालिग बच्चियों को शादी का झांसा देकर बहलाया-फुसलाया गया था। पुलिस ने इन मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। वहीं कुछ बच्चे काम की तलाश या घूमने की नीयत से बिना बताए घर छोड़कर चले गए थे।पुलिस ने सभी बच्चों की काउंसलिंग कर मानसिक रूप से स्थिर किया और सुरक्षित परिजनों को सौंपा।

### प्रेमचंद जयंती पर ...

जिसे डाइट की उप प्राचार्य श्रीमती सरोज संगीता भोय ने अपने प्रभावशाली और भावनात्मक स्वर में प्रस्तुत किया। उनके वाचन ने घीसू और माधव जैसे पात्रों को मंच पर जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों की आंखें नम थीं और मन में कई प्रश्न जाग उठे। कार्यक्रम में आयोजित क्विज प्रतियोगिता ने प्रेमचंद के जीवन, रचनाओं और विचारों पर विद्यार्थियों की गहरी समझ को सामने लाया। हिंदी माध्यम विद्यालय ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि अंग्रेजी माध्यम और कन्या विद्यालय ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किए। शोध संवाद सत्र में डॉ.राजीव रंजन तिग्गा और डॉ.रविकांत भगत ने प्रेमचंद साहित्य में ग्रामीण यथार्थ, वर्ग-संघर्ष और मानवीय संवेदना जैसे विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। उनका कहना था कि प्रेमचंद का साहित्य केवल पढ़ने के लिए नहीं, जीने और सोचने के लिए है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कुसुम माधुरी टोप्पो, संयोजन मुकेश कुमार और तकनीकी संचालन राजेन्द्र प्रेमी ने किया। समस्त टीम के समन्वित प्रयासों ने इस आयोजन को साहित्यिक-सांस्कृतिक आंदोलन का रूप दे दिया।

### प्राथमिक शाला के...

मनोवैज्ञानिक सिद्धांत समझाते हुए कहा कि मनुष्य की आवश्यकताएं अनंत होती हैं, परंतु उसकी वास्तविक आवश्यकता मानसिक संतोष और खुशी है, अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित होकर छात्रों के भविष्य के लिए कार्य करना इसी श्रेणी में आता है । उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में शासकीय विद्यालयों से पालकों के विश्वास को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रधान पाठकों को विद्यालय में बेहतर कार्य कर बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे। यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडेय ने यशस्वी जशपुर कार्यक्रम की गतिविधियां, प्रदेश में जशपुर का शिक्षा में स्थान के साथ प्रशिक्षण की अपेक्षाओं के विषय में बताया और बेसलाइन,विनोवा पर प्रतिदिन की उपस्थिति, नवोदय विद्यालय प्रवेश की तैयारी समय -सीमा में करने की जानकारी दी। विनोवा एप का उपयोग कैसे करें, यह जानकारी देने के लिए ओपन लिंक फाउंडेशन से सोमनाथ साहू उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जिले के चयनित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्राथमिक खंड के विषयों पर सत्र लिए गए। स्कूल रेडिनेस की अवधारणा पर आधारित सत्र में बच्चों को भयमुक्त वातावरण में खेल व गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर दिए जाने के विषय में बताया गया। उत्कृष्ट शिक्षक व उत्कृष्ट शाला निर्माण, बहुभाषी शिक्षण, ₹जादुई पिटारा₹ के माध्यम से शिक्षण , विभिन्न शैक्षणिक सामग्रियों जैसे पपेट, कार्ड, गोली, खिलौनों का उपयोग कर रोचक गतिविधियां भी कराई गई। श्रीमती सीमा गुप्ता ने सीमित संसाधनों और शिक्षको की कमी की स्थिति में भी बच्चों के समग्र विकास के लिए निरंतर कैसे कार्य करें, विषय पर प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर के रूप में मनोज अंबष्ट, मुकेश कुमार, श्रीमती मीना सिंन्हा, श्रीमती अर्चना यादव और श्रीमती देवकी प्रधान शिक्षकों को प्रशिक्षित कर रहे हैं हैं। कार्यक्रम के आयोजन के लिए यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा एवं राजेंद्र प्रेमी उपस्थित रहे।

### पीएम किसान सम्मान ...

दीदी योजना और पीएम किसान योजना में अभी तक वंचित किसानों का शीघ्र पंजीयन कराएं। इस अवसर पर कृषक उपज मंडी समिति पत्थलगांव के सचिव राकेश खैरवार ने मंडी प्रांगण में बने फल-सब्जी दुकानों के सम्बंध में किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुनकुरी के अधिष्ठाता डॉ.एके सिंन्हा ने उन्नत कृषि तकनीकी, जैविक खेती, और समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन एवं कीट व्याधि नियंत्रण के सम्बंध में किसानों को विस्तार से मार्गदर्शन दिया।



